समय - 3 घंटे	अभ्यास प्रश्न पत्र 1 2019 - 2020 कक्षा - दसवीं विषय - हिन्दी कोर्स ए	पूर्णांक 80
	<u>सामान्य निर्देश</u> **1 इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं -क,ख,ग और घ |** **2 सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |** **3 यथा संभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों का उत्तर क्रम से लिखिए |** **4 एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए |** **5 दो अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए |** **6 तीन अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए |**	
	खंड - क (10 अंक)	
1	निम्नलिखित गद्यान्श को पढ़कर संबन्धित प्रश्नों के उत्तर दें ।	10
	'आत्म दीपो भवः ' महात्मा बुध्द के इस कथन में सर्वतोमुखी प्रतिभा का बीज निहित है। दुर्भाग्यवश आज ऐसे दीपकों तथा उनके प्रकाश-स्तंभों का अभाव है। आज का अध्यापक बिखरी दुनिया की जानकारी देता है , जिसमें आकांक्षा, आस्था, प्रेरणा, दूरदर्शिता, विवेकशीलता आदि तत्व नहीं होते। मार्गदर्शन का तात्पर्य उस रीति-नीति को अपनाए जाने से होता है, जिसके आधार पर क्या, क्यों, किसलिए और कैसे करना है?- जैसे प्रश्नों का समावेश हो। मात्र पुस्तकीय ज्ञान शिक्षा नहीं है । संसार, मनुष्य और उसके आधिभौतिक एवं आध्यात्मिक , दोनों प्रकार के समस्त क्रियाकलापों में सामंजस्य बैठा पाने की कला उत्पन्न करने में ही शिक्षा की सार्थकता है । शिक्षा का उद्देश्य चरित्र का निर्माण है, जिसमें प्रयत्न मात्र ज्ञान-वृद्धि के लिए नहीं, अपितु चिंतन की प्रवृति के विकास के लिए किया जाना आवश्यक है । विचारों के मंथन से ही बुद्धि में विवेक और विश्वास उत्पन्न होता है और हम अपने दीपक स्वयं बनकर जीवन को सार्थकता प्रदान करते हैं।	
क)	आज का अध्यापक कौन-सी जानकारी देता है?	(2)
ख)	शिक्षा की सार्थकता किसमें है?	(2)
ग)	शिक्षा का उद्देश्य क्या है?	(2)
घ)	विचारों के मंथन से क्या होता है?	(2)
ङ)	`सार्थकता' शब्द से मूल शब्द और प्रत्यय पृथक कीजिए ।	(1)
च)	विचारों के मंथन से क्या उत्पन्न होता है?	(1)

	खंड - ख (16 अंक)	
2)	निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए	(1x4=4)
क)	पिताजी ने मुझे पढ़ाकर सेना में भर्ती कराया। (संयुक्त वाक्य में परिवर्तित करें)	
ख)	शेर देखते ही सब डर गए ।(रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद बताएं)	
ग)	बालक रोता रहा और चुप हो गया। (सरल वाक्य में परिवर्तित करें)	
घ)	मैंने एक बहुत बीमार आदमी देखा। (मिश्र वाक्य में परिवर्तित करें)	
3)	निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:-	(1x4=4)
क)	यह दूकान पिता जी ने बनवाई थी। (कर्मवाच्य में बदलिए)	
ख)	मैं इस तरह बैठ नहीं सकता । (भाववाच्य में बदलिए)	
ग)	सुनीता विलियम्स द्वारा उद्घाटन किया गया।(कर्तृवाच्य में बदलिए)	
घ)	बहुत-से लोगों द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई।(कर्तृवाच्य में बदलिए)	
4)	निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का पद परिचय लिखिए	(1x4=4)
क)	बच्चों ने अपना काम कर लिया था।	
ख)	मनोहर दसवीं कक्षा में पढ़ता है।	
ग)	मैं कल बीमार था।, इसीलिए विद्यालय नहीं आया ।	
घ)	मैं उसे आगरा में मिलूँगा ।	
5)	निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:	(1x4=4)
क)	शोक किस रस का स्थायी भाव है?	
ख)	निम्न काव्य-पंक्तियों में कौन-सा रस निहित है? तुम्हारी ये दन्तुरित मुस्कान मृतक में भी डाल देगी प्राण । धूलि-धूसर तुम्हारे ये गाल खिल रहे जलजात ।।	
ग)	हास्य रस का एक उदाहरण दीजिए ।	
घ)	घृणा किस रस का स्थायी भाव है ?	
	खंड - ग (34 अंक)	
6)	निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर संबन्धित प्रश्नों के उत्तर दें ।	(6)
	ठाली बैठे, कल्पना करते रहने की पुरानी आदत है। नवाब साहब की असुविधा और संकोच के कारण का अनुमान करने लगे । संभव है , नवाब साहब ने बिलकुल अकेले यात्रा कर सकने के अनुमान में किफ़ायत के विचार से सेकंड क्लास का टिकट खरीद लिया हो और अब गवारा न हो कि शहर का कोई सफ़ेदपोश में उन्हें मँझले दर्जे में सफ़र करता देखे । --अकेले सफ़र का वक्त काटने के लिए ही खीरे खरीदे होंगे और अब किसी सफ़ेदपोश के सामने खीरा कैसे खाएँ?	
क)	नवाब साहब ने वक्त काटने के लिए क्या खरीदा? (शब्द सीमा 30-40 शब्द)	(2)
ख)	नवाब साहब किस संकोच में पड़ गए? (शब्द सीमा 30-40 शब्द)	(2)

ग)	नवाब साहब को कौन-सी बात जंच नहीं रही थी? (शब्द सीमा 30-40 शब्द)	(2)
7)	**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में दीजिए:-**	**(2x4=8)**
क)	सेना से कोई संबंध नहीं होने के बावजूद लोग चश्मे वाले को 'कैप्टन' कहकर क्यों पुकारते थे?	(2)
ख)	नवाब साहब की किन गतिविधियों से लेखक को लगा कि वे उसमें कोई रूचि नहीं ले रहे हैं?	(2)
ग)	लेखिका को अपने बचपन की कौन-कौन सी बातें अभी तक याद हैं? 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए|	(2)
घ)	फादर को याद करना, देखना और उनसे बातें करना, लेखक को कैसा आभास कराता था?	(2)
ङ)	सुषिर वाद्यों से क्या अभिप्राय है? शहनाई को सुषिर वाद्यों की उपाधि क्यों दी गई होगी?	(2)
8)	**निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**	**(6)**
	हरि हैं राजनीति पढ़ि आए । समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए । इक अति चतुर हुते पहिलै ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए । बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग-संदेस पठाए । ऊधौ भले लोग भले लोग आगे के, परहित डोलत धाए । अब अपने मन फेर पाइ हैं, चालत जु हुते चुराए । ते क्यौं अनीति करैं आपुन, जे और अनीति छुड़ाए । राज धरम तौ यहै `सुर', जो प्रजा न जाहिं सताए ।।	
क)	गोपियों ने कृष्ण को राजनीतिज्ञ क्यों कहा है? (शब्द सीमा 30-40 शब्द)	(2)
ख)	गोपियाँ श्रीकृष्ण से अपना मन वापस क्यों लेना चाहती हैं?(शब्द सीमा 30-40 शब्द)	(2)
ग)	राजा को प्रजा को किससे मुक्ति दिलाकर किसके लिए कार्य करना चाहिए। (शब्द सीमा 30-40 शब्द)	(2)
9)	निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों का उत्तर 30-40 शब्दों में दीजिए :-	(2x4=8)
क)	'गाधिसूनु' किसे कहा गया है? वे मुनि की किस बात पर मन ही मन मुस्कुरा रहे थे?	(2)
ख)	मासूम बच्चे की मोहक मुस्कान और एक वयस्क व्यक्ति की मुस्कान में क्या अंतर है?(शब्द सीमा 30-40शब्द)	(2)
ग)	बादलों को `मानव मन को सुख से भर देने वाले' कहने के पीछे कवि का क्या तर्क है?(शब्द सीमा 30-40शब्द)	(2)
घ)	कन्यादान कविता में स्त्री के लिए क्या सन्देश छिपा है?(शब्द सीमा 30-40शब्द)	(2)
ङ)	गोपियाँ किस व्यथा को सहन कर रही थीं व क्यों? सूरदास के पद के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (शब्द सीमा 30-40शब्द)	(2)

10)	निम्न्लिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों का उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में दीजिए:-	(2x3=6)
(क)	‘जॉर्ज पंचम की नाक’ कहानी में सरकारी कर्मचारियों की वास्तविक स्थिति क्या दिखाई गई है और क्यों?	
(ख)	‘माता का अँचल’ शीर्षक की उपयुक्तता बताते हुए कोई अन्य शीर्षक सुझाइए।	
(ग)	गंगटोक को ‘मेहनतकश बादशाहों का शहर’ क्यों कहा गया? पाठ ‘साना साना हाथ जोड़ि’ के आधार पर लिखिए ।	
	खंड - घ (20 अंक)	
11)	निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेतों के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए :-	(10)
क)	साहित्य और समाज	
	•संकेत बिन्दु:-	
	भूमिका, साहित्य का महत्व, साहित्य एवं समाज के बीच संबंध, साहित्य का समाज पर प्रभाव, उपसंहार	
ख)	सर्व शिक्षा अभियान	
	•संकेत बिन्दु:-	
	भूमिका, सर्व शिक्षा अभियान के उद्देश्य, सर्व शिक्षा अभियान क्या है, उपसंहार	
ग)	करत-करत अभ्यास से जड़मति होत सुजान	
	•संकेत बिन्दु:-	
	भूमिका, निरंतर अभ्यास की महिमा,कठिन परिस्थितियों पर नियंत्रण एवं व्यक्तित्व का विकास, उपसंहार	
12)	अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए, जिसमें विद्यालय के पुस्तकालय में हिन्दी की पत्रिकाएँ उपलब्ध कराने की मांग की गई हो ।	(5)
	अथवा	
	एक पिता द्वारा अपने पुत्र को अनुशासित जीवन बिताने संबंधी सुझाव देते हुए पत्र लिखिए।	(5)
13)	एक टूर ऐंड ट्रेवेल्स कंपनी की ओर से एक विज्ञापन 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।	(5)
	अथवा	
	‘ईंधन की बचत’ से संबन्धित विज्ञापन को 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए ।	(5)